## एक नजर में

### आनंद आश्रम पहुंची चरण पादुका



**सोनकच्छ।** आनंद आश्रम में पालकी यात्रा संत तुकाराम जी महाराज के सद् गुरु चैतन्य प्रभु जी महाराज की चरण पादुका यात्रा का आनंद आश्रम में आगमन हुआ। यात्रा प्रभारी प्रभाकर ठीकेकर एवं सुभाष गाढवै ने बताया कि श्री क्षेत्र ओटूर उत्तमपुर से श्री क्षेत्र काशी वाराणसी तक लगभग 1500 किलोमीटर की पदयात्रा 70 दिन में पूरी होगी। 22 वर्षों से लगातार यात्रा चल रही है। यात्रा में 11 महिला व 34 पुरुष सम्मिलित हैं। यात्रा आनंद आश्रम पहुंचने पर आश्रम परिवार की ओर से अजयसिंह बघेल, बाबूलाल परमार, सौभागसिंह ठाकुर, मधुसूदन राठी, महेश चंद सिसोदिया, सुनील दरक, अशोक कुमार शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा,घनश्यामसिंह सेंगर, कैलाश चंद माहेश्वरी, रमेशचंद मेहता, बाबूलाल शर्मा,मुरलीधर झाला, महेश शर्मा, शैलेंद्रसिंह राजपूत आदि ने स्वागत सम्मान किया ।यात्रा प्रभारी ने भी आश्रम परिवार के सदस्यों का सम्मान किया। आरती व प्रसादी का आयोजन का समापन हुआ।

### पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा



**कांटाफोड़।** जिला कांग्रेस के कद्दावर नेता वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व विधायक स्वर्गीय श्याम होलानी की पांचवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होलानी निवास पर परिवार द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। बागली विधानसभा से लगाकर कन्नोद खातेगांव विधानसभा के आस पास के क्षेत्र के लोगो ने पहुंचकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय गायक कलाकारों द्वारा संगीतमय भजनों की धुन पर सुंदरकांड पाठ का वाचन किया ।स्वर्गीय श्याम होलानी देवास जिले मे कांग्रेस के कद्दावर नेता के रूप मे अपनी पहचान रखते थे ।वह कांग्रेस पार्टी के देवास जिला अध्यक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भी रहे। इसी कड़ी मे पूर्व विधायक की पावन स्मृति मे मनोज होलानी मित्र मण्डल द्वारा शा प्रा विद्यालय तुमड़ीखेड़ा, शा प्रा विद्यालय आबादी, शा प्रा विद्यालय बेरागढा, शा मा विद्यालय बेराघढ़ा मे बच्चो को कॉपी पेन का वितरण किया गया।

### किसानों की मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग

**देवास।** हाटपिपलिया माइक्रो उदवहन सिंचाई परियोजना के पंप हाउस – 8 के निर्माण हेतु प्रभावित गांवों के किसानो को जो मुआवजा राशि दी जा रही है वह राशि वर्तमान दर से नाम मात्र की होकर ऊंट के मुंह में जीरे के समान है क्योंकि किसनो की जो भूमि इस पंप हाउस ग्राम हीरापुर में अधिग्रहण होगी इतनी राशि में यह किसान अन्य जगह कहीं भूमि भी नहीं खरीद सकते और इतनी राशि में कोई रोजगार धंधा भी स्थापित नहीं कर सकते और और वर्तमान समय में जो इनका एवं उनके परिवार का जो भरण पोषण इस भूमि से चल रहा है वही आजीविका का माध्यम है वह भी इन से छिन जाएगी तो यह किसान कहीं के नहीं रहेंगे इन प्रभावित किसानों ने एवं क्षेत्रीय किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रभारी मंत्री जिला देवास एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जिला कलेक्टर देवास ऋतुराज सिंह से मांग कि है कि उनकी भूमि का मुआवजा बड़ा करके चार गुना किया जाए जिससे इन किसानों को अन्य जगह कहीं पर भी भूमि खरीदने में आसानी रहे प्रभावित किसानों ने मांग की है उनमें रेवाराम कलाम रविंदर गौड शोभाराम मौर्य फौजी मंगल सिंह भंवरा अंबाराम कलम श्रीमती फूलवती कलाम प्रमुख रूप से हैं।

### आचार्य चाणक्य का स्मृति दिवस मनाया



**देवास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष पंडित दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में आचार्य चाणक्य का स्मृति दिवस मनाया गया। उपाध्यक्ष मंगेश शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना कर महान भारतीय विद्वान अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ आचार्य चाणक्य के चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ज्ञात रहे कि आचार्य चाणक्य की जन्म मृत्यु ज्ञात नहीं होने के कारण 10 जनवरी को संपूर्ण ब्राह्मण समाज आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस के रूप में मानता आ रहा है। दीपक जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य चाणक्य अखंड भारत के संस्थापक परम राष्ट्रभक्त सामाजिक समरसता के प्रबल पक्षधर थे। वही अशोक चौधरी ने कहां कि उन्होंने नंद वंश को उखाड़ फेंकने और मौर्य साम्राज्य की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समस्त उपस्थित ब्राह्मण बंधुओं का आधगौड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा ने सम्मान किया। संचालन महासचिव महेंद्र व्यास ने किया तथा आभार सिद्धार्थ अवस्थी ने माना। इस अवसर पर शंकरलाल शर्मा, मधुसूदन शर्मा, सतीश दुबे, डॉक्टर रितेश शर्मा, ओपी चौधरी, घनश्याम पंडित, भरत व्यास, संजय तिवारी, कपिल व्यास, रोहित उपाध्याय, कमलेश शर्मा, पंकज साहरिया, अश्विन साहरिया, पंकज प्रधान आदि समाज जन उपस्थित थे। जानकारी अभिक तिवारी ने दी।

### मालवीय दंपती व प्रतिभाओं का किया सम्मान




**देवास।** डां अंबेडकर नगर (महू ) मे कबीर जन चेतना संस्था के तत्वावधान मे 11,जनवरी रविवार को दिन मे सुबह 10 बजे कबीर भजन, गायन, व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का 12,वां आयोजन पद्मश्री भैरू सिंह चौहान, के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित हुआ,जिसमें पद्मश्री कालूराम बामनिया,करण पोरवाल, गीता पराग, राजकुमारी सोलंकी, ने प्रस्तुति पेश की वही प्रतिभाओ का सम्मान जिनमे कक्षा 10, एवं 12,वीं मे उत्तीर्ण बच्चो के साथ प्रसिद्ध भजन गायक श्रीमती सुमित्रा देवी व बद्रीलाल मालवीय का साफा बांधकर पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर, डॉ, गणेश योगी, इकबाल मंसूरी, रमेश पेंटर, एवं सामाजिक कार्यकर्ता शहाबुद्दीन मंसूरी का भी सम्मान किया।

## 9 मंडलों और देवास नगर की 17 बस्तियों में विराट हिन्दू सम्मेलन






**सम्मेलनों में 9 मंडलों के 80 गांवों के लोग हुए सम्मलित**

**देवास।** मध्य प्रदेश –सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य रविवार को 9 मंडलों एवं देवास नगर की 17 बस्तियों के साथ करनावद, भौरांस एवं पिपलरवा नगर में भी विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिनमे एक लाख स्व अधिक लोग सम्मलित हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष होने पर आयोजित हो रहे है। ग्रामीण अंचलों के 9 मंडलों में 80 गांवों के लोग सहभागी हुए। देवास नगर में इटावा,विजयनगर, मुखर्जीनगर, रामनगर,मोती बंगला, नई आबादी,कैलादेवी, सनसिटी, नागदा, जवाहर नगर, कालानी बाग,बजरंगपुरा,तुलजा भवानी, राजाभाऊ, महांकाल, राधागंज, आदर्श नगर एवं भोसले कालोनी बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुए। इन सम्मेलनों में भारत माता पूजन एवं आरती,गो पूजन, शास्त्र पूजन,कलश यात्रा, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गणेश–सरस्वती वंदना पर नृत्य एवं पंच परिवर्तन पर नाटिका जैसे संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी स्थानों पर समरसता सहभोज भी आयोजित किये गए। स्थानीय स्तर पर प्रमुख संत, मातृ शक्तियां, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वक्ता के रूप में रहे। वक्ताओं ने हिन्दू समाज को अपनी सनातन परंपराओं,मूल्यों एवं संगठन शक्ति के प्रति जागरूक करने का आव्हान किया। सामाजिक एकता को मजबूत करने एवं राष्टहित में सामूहिक योगदान पर बल देना सभी का कर्तव्य है। वक्ताओं ने पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन के महत्व को बताया। संतो ने हिन्दू समाज की एकजुटता ही विश्व कल्याण का मार्ग है बताया। आगामी दिनों में देवास नगर की शेष15 बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

### दो बेटियों का विवाह हुआ

पीपलरावा नगर के हिंदू सम्मेलन समरसता का विशेष रूप देखने को मिला। याहं आयोजन समिति द्वारा हिन्दू सम्मलेन में गरीब परिवारों की दो बेटियों का निशुल्क विवाह भी करवाया गया। इसमें हिंदू सम्मेलन में सहभागी हजारों लोगों ने नवयुगलों को आशीर्वाद प्रदान किया।

## कलश यात्रा के साथ हिन्दू सम्मेलन कार्यालय का भव्य उद्घाटन



**कांटाफोड़।** क्षेत्र में आयोजित होने वाले आगामी हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों के क्रम में आज एक भव्य कलश यात्रा के साथ सम्मेलन कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूरे नगर में धार्मिक वातावरण देखने को मिला और बड़ी संख्या में श्रद्धालु, युवा एवं समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कलश यात्रा की शुरुआत प्रातः शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई। यात्रा के दौरान जय श्रीराम, हर–हर महादेव एवं सनातन धर्म के जयघोषों से वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह–जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा के समापन के पश्चात सम्मेलन कार्यालय का पूजन–अर्चन कर ज्ञानी जी प्रहलादसिंह जी और मालाखड़ हनुमान मंदिर के महंत लहरी दास जी बाबा द्वारा उद्घाटन किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यालय हिन्दू सम्मेलन की सभी गतिविधियों, बैठकों एवं समन्वय का प्रमुख केंद्र रहेगा। कार्यालय से समाज में सांस्कृतिक जागरूकता, धर्म रक्षा एवं सामाजिक एकता के संदेश को आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर हिन्दू समिति के संयोजक नरेंद्र सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दू सम्मेलन का उद्देश्य सनातन संस्कृति की रक्षा, समाज में एकता और युवाओं में संस्कारों का संचार करना है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में सहभागिता करने का आह्वान किया। कलश यात्रा और कार्यालय उद्घाटन ने पूरे क्षेत्र में उत्साह और धार्मिक चेतना का संचार किया।

## लोहारदा में संघ शताब्दी वर्ष पर विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन



**लोहारदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को लोहारदा स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में क्षेत्र से बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग शामिल हुए, जिससे पूरा प्रांगण धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन एवं बौद्धिक सत्र के साथ हुआ। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में संघ के सौ वर्षों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्टनिर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ ने समाज में सेवा, समरसता, राष्ट्रभक्ति और संस्कारों को मजबूत करने का कार्य किया है। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिन्दू समाज को संगठित रहने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और राष्टहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बौद्धिक सत्र के दौरान युवाओं, मातृशक्ति एवं वरिष्ठ नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के पश्चात सहभोज (विशाल भंडारे का) का आयोजन किया गया, लोगों ने एक साथ पंक्ति में बैठकर भोजन ग्रहण किया। जिसमें श्रद्धा और सेवा भाव के साथ स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा आयोजन अनुशासन, समरसता और सौहार्द का जीवंत उदाहरण रहा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में संघ के स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने सुबह से लेकर कार्यक्रम समापन तक व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संभालीं। यह विराट हिन्दू सम्मेलन न केवल संघ के शताब्दी वर्ष का स्मरणीय आयोजन बना, बल्कि लोहारदा क्षेत्र में सांस्कृतिक एकता और सामाजिक चेतना को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाकर स्वर्णिम भारत बनेगा : व्यास






**गौ माता का पूजन कर विराट हिन्दू सम्मेलन का हुआ गरिमामयी आयोजन**

**भौरासा।** संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर नगर में भव्य विराट हिन्दू सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ सन 1925 में संघ की स्थापना की गई थी संघ ने अपने हिन्दू धर्म पर समर्पित अपने विचारों को लेकर अपनी यात्रा शुरू की थी जो सन 2025 में 100 वर्ष पूर्ण कर अपने आगे की यात्रा सतत रखी। नगर के बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण में बाबा भंवरनाथ हिन्दू सम्मेलन समिति द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यवक्ता राष्टीयकवी जाग्रत मालवा पत्रिका के प्रधान संपादक देवकृष्ण व्यास,पंडित भगवताचार्य सोहन जोशी,नगर दुर्गा वाहिनी से लाड़कुंवर तोमर मुख्य रूप से मंचासिन थे। आयोजन प्रारंभ के दौरान सर्व प्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलित गो माता पूजन,श्री राम दरबार पूजन किया गया। साथ ही छोटे छोटे बच्चों को श्री राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, भारत माता के प्रतिरूप बनाकर मंच पर उपस्थित हुए। उसके पश्चात पधारे अतिथियों का परिचय हेमंत बंड द्वारा करवाया गया साथ ही कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमावत ने किया इस दौरान नगर व आसपास के क्षेत्र से समस्त हिन्दू मातृशक्ति ओर भैया बहन सैकड़ों की संख्या उपस्थित हुए और आयोजन को सफल बनाया। आयोजन के दौरान मुख्यवक्ता व्यास ने अपने तीखे शब्दों की धारा से संपूर्ण देश में बनी हिन्दू समर्पित विचारों के दल,परिषद, के बारे में बताया ओर कहा कि आज हम अपने बच्चे के लिए अच्छे अच्छे स्कूल की सोचते हे और उसे विदेश पड़ने के लिए भेज देते परन्तु अब बच्चा विदेश जाएगा पर स्वामी विवेकानंद जी महाराज के विचारों को लेकर अपने देश हित में काम करे उसके लिए पहले अपने घर के माहौल को बदलना होगा हिन्दू धर्म किसी धर्म या भाषा का विरोध नहीं करता है ये हमारी धर्म की संस्कृति हे आज हम उस भारत माता की गोदी में जीवन यापन कर रहे हे जहां हिन्दू धर्म के तैतीस कोटि देवी देवताओं ने अपना जन्म लेकर इस भारत देश पवित्र देश बनाया भारत हिन्दू राष्ट हे ओर रहेगा ओर अंत में सभी से कहा कि अगर हिन्दू धर्म संबंधित कही पर भी किसी प्रकार का आयोजन हो तो अपना धर्म पालन कर बढ़ चढ़कर आयोजन का हिस्सा बने इसके साथ ही नगर दुर्गा वाहिनी से लाड़कुंवर तोमर ने उपस्थितजनों को संबोधित किया और अपने उद्बोधन में कहा कि भारत देश एक ऐसा देश हे जहां महिलाओं ने अपने धर्म,ओर विचारों को लेकर चली चाहे,वो रानी लक्ष्मीबाई,रानी अवंतिका बाई, अहिल्याबाई होलकर, सावित्रीबाई फुले जैसी महिला क्रांतिकारी भारत देश में रही ओर हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हुई आज महिलाएं भी सशक्त भारत देश में हर क्षेत्र में अपना संपूर्ण योगदान दे रही एवं भगवताचार्य सोहन जोशी द्वारा भी अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक युग में धर्म के प्रति दानव अपने अलग अलग रूपों में आए हर युग के दानव अलग थे कलयुग में भी दानव हे पर उन दानवों को पहचानना ओर उनसे लड़ने की शक्ति हमारे हिन्दू धर्म की एकजुटता से रहेगी आप सभी जाती छोड़ हिंदू हो हिन्दू बनकर रहो आज के दानव को मारने के लिए जाती नहीं चलेगी हिंदू धर्म चलेगा। संपूर्ण आयोजन स्थल जय श्री राम ओर भारत माता की जयकारों के साथ तालियों गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अंत में भारत माता की सामूहिक आरती उतारी गई उसके पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया आभार नगर परसाई मनोज जोशी ने माना।

## वन्य प्राणी व पर्यावरण की संवेदनशीलता विकसित करने अनुभूति कार्यक्रम आयोजित

**विद्यार्थियों को दी वन, वन्य प्राणी एवं पर्यावरण की जानकारी**



**देवास।** वन परिक्षेत्र देवास अंतर्गत नगर वन दौलतपुर में 10 जनवरी को स्कूली विद्यार्थियों को वन,वन्य प्राणी एवं पर्यावरण की सुरक्षा एवं उनके प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से अनुभूति का कार्यक्रम प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें वनमंडलाधिकारी देवास अमित सिंह चौहान, राजेश चौहान वन परिक्षेत्राधिकारी देवास, वन परिक्षेत्र देवास का पूरा वन स्टाफ, शासकीय सी एम राइज उत्कृष्ट विद्यालय सोनकच्छ एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनकच्छ के कुल 120 छात्र–छात्राएं और उनके साथ में उनके शिक्षकगण, शासकीय चिकित्सालय सोनकच्छ का स्टाफ उपस्थित रहा । वन मंडलाधिकारी देवास द्वारा जल संरक्षण कैसे करें तथा जल संरक्षण एवं पेड़ पौधों के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को सरल शब्दों में बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वन परिक्षेत्राधिकारी देवास द्वारा छात्र छात्राओं को इस बदलते परिवेश में हम हैं धरती के दूत अनुभूति कार्यक्रम की थीम के तहत वन,वन्यप्राणी एवं पर्यावरण के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अनुभूति कैंप में विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति की पाठशाला में पेड़ पौधे औषधीय पौधे, पक्षी, तितलियां, सर्प प्रजाति, हिरण, मृग, मधुमक्खियां, दीमक और जल संरक्षण की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया, साथ ही वन, वन्य प्राणी, पर्यावरण, म.प्र. सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्र, छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम सफल होने पर सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनकच्छ गणपत सिंह तंवर ने सभी उपस्थित अधिकारियों और उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

## बुदासा में समरसता भोज कार्यक्रम आयोजित



**टोंक खुर्द।** रविवार को ग्राम बुदासा डेम स्थित कमला देवी यादव कृषि फार्म पर समरसता भोज का आयोजन किया गया ।गौरतलब है कि यादव परिवार नांदेल द्वारा ग्राम बुदासा स्थित कृषि भूमि पर नवीन कूप निर्माण और वहां से नांदेल स्थित कृषि भूमि तक पाईप लाईन डालने के उपलक्ष्य में समरसता भोज का आयोजन किया गया था ।समरसता भोज में ग्राम नांदेल और बुदासा के सर्व समाज ने समरसता भोज में एक जाजम पर बैठकर भोजन किया ।समरसता भोज का आयोजन आयोजक कमला देवी यादव कृषि फार्म के संचालक सेठ मांगीलाल यादव,भाई प्रेम सिंह यादव,भाई सुमेर सिंह यादव एडवोकेट ने किया ।यादव परिवार ने समरसता भोज में पधारे सभी मेहमानों का स्वागत सम्मान कर आभार माना।

## अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान आग लगाने वाली जयश्री व्यास ने दम तोड़ा

**सतवास।** सतवास में 24 दिसम्बर 2025 को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान विरोध में व्यास दंपति ने पेट्रोल डालकर कर खुद को आग लगा ली थी जिनका इंदौर में इलाज चल रहा था, लेकिन ईलाज के दौरान संतोष व्यास की पत्नी जयश्री व्यास का आज निधन हो गया, जिनके शव को रविवार शाम को सतवास लाया गया , यहां उनके निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई।

यहां अंतिम संस्कार के पहले नागरिको ने ज्ञापन तहसीलदार हरिओम ठाकुर को दिया , ज्ञापन का वाचन नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि सतनाम सिंघ बग्गा ने किया। जिसमे उन्होंने,, व्यास को मुआवजा, एवं तत्कालीन सी एम ओ, तहसीलदार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने, एवं मामले की जांच करने की बात कही। तहसीलदार हरिओम ठाकुर ने बताया की जयश्री व्यास का अंतिम संस्कार किया जा रहा हैं ओर अभी परिवार के कुछ लोगों के बयान लेने के बाद जांच कर कार्यवाही होगी, यहां तहसीलदार हरिओम ठाकुर, कन्नौद एस डी. ओ . पी.आदित्य तिवारी, टी आई मनोज सिंह, खातेगांव टी आई, झाझोट, सतवास सीएमओ सतीश घावरी, एवं सतवास पुलिस के जवान शामिल थे।

**एक नजर में** खिलाड़ियों का निकलेगा मार्च पास्ट, विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगी

## सांसद खेल महोत्सव का आयोजन आज से

**देवास।** स्थानीय खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देवास शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में देवास शाजापुर संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी संदर्भ में देवास विधानसभा में 12 एवं 13 जनवरी को खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता संयोजक विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने बताया कि 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे सयाजी द्वार से खिलाड़ियों द्वारा नगर के विभिन्न मार्गों से ओलंपिक मैदान भोपाल रोड तक मार्च पास्ट निकाला जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन दोपहर 1 बजे सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा गणमान्य नागरिकों एवं खेल पदाधिकारियों की उपस्थिति में ओलंपिक मैदान पर किया जाएगा। वहीं पर दोपहर 3 बजे से विभिन्न खेलों की शुरुआत होगी। 13 जनवरी को भी विभिन्न खेलों का आयोजन होगा और शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण होगा। विजेताओं को नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। विजेता टीम के लिए प्रथम पुरस्कार 11000 द्वितीय 7000 एवं तृतीय 5000 का रहेगा। इसी प्रकार विजेता खिलाड़ी के लिए प्रथम पुरस्कार 5000 द्वितीय 3000 और तृतीय 2000 रहेगा सभी टीमों खिलाड़ियों को ट्रॉफी मेडल एवं प्रशंसा पत्र दिए जाएंगे। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत सभी शासकीय एवं अशासकीय तथा सीबीएसई विद्यालयों के खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे।

सभी विद्यालयों की टीम मार्च पास्ट में शामिल होगी। सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता पायोनियर पब्लिक स्कूल में, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो खो, रस्सा कसी, सॉफ्टबॉल, एथलेटिक्स एवं सॉफ्टबॉल की प्रतियोगिताएं ओलंपिक मैदान पर, फुटबॉल सेंट थॉम स्कूल में, बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में, संपन्न होगी।